# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 03 मार्च, 2021

----

**[सामान्य प्रशासन - राजस्व एवं भूमि सुधार - पर्यटन - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - सूचना एवं जनसम्पर्क - आपदा प्रबंधन - मंत्रिमंडल सचिवालय - निगरानी - निर्वाचन सूचना प्रौद्योगिकी ].**

Total Short Notice Question- 9

----

## विकास की योजना

*55 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **पर्यटन** be pleased to state:-

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुनौराधाम, हलेश्वर स्थान, एवं पंथपाकड़ धाम को माँ सीता की प्रकाट्य-स्थली होने के कारण रामायण सर्किट से जोड़ा गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इन पावन स्थलों का अब तक विकास नहीं किये जाने से देश एवं विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को यहाँ पहुँचने तथा ठहरने में काफी असुविधा होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पावन स्थलों के आध्यात्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकास की योजना बनाकर उसे कार्यान्वित करना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## कुआँ का सौंदर्यीकरण

***56 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत गरखा बाजार चौक की मुख्य सड़क के सटे दक्षिण एक अत्यन्त ही प्राचीन काफी बड़ा सार्वजनिक कुआँ है;

(ख) क्या यह सही है कि जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत उक्त प्राचीन कुआँ का अब तक जीर्णोद्धार नहीं किया गया है, फलतः उक्त सार्वजनिक कुआँ के आसपास रहने वाले लोगों के द्वारा कुआँ और उसके आसपास की जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो लोकहित में क्या सरकार उक्त सार्वजनिक कुआँ का जीर्णोद्धार और उसके सौन्दर्यीकरण की कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## निर्णय पर पुनर्विचार

***57 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

Will the **सामान्य प्रशासन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सरकार 50 वर्ष उम्र के कर्मचारियों की क्षमता का वर्ष में दो बार आकलन कर अक्षमता के कारण उनकी नौकरी समाप्त कर देगी;

(ख) क्या यह सही है कि ऐसे निर्णयों से राज्य में बड़े पैमाने पर नौकरी कर रहे

कर्मचारियों को जबरन नौकरी से हटा दिया जाएगा;

(ग) क्या यह सही नहीं है कि ऐसे निर्णयों के कारण लाखों लोग असमय कठिनाइयों में घिर जाएंगे तथा उनमें असंतोष, क्रोध तथा तनाव बढ़ेगा;

(घ) क्या यह सही है कि सरकार के पास वेतन आदि देने हेतु पर्याप्त धन की कमी की वजह से ऐसे निर्णय लिए जा रहे हैं;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहती है?

----

## बकाये वेतन का भुगतान

*58 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

Will the **सामान्य प्रशासन** be pleased to state:-

क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर, भागलपुर, नवादा, सारण, गया, भोजपुर एवं आरा सहित पूरे राज्य में आर.टी.पी.एस. कर्मियों के बकाये मानदेय का भुगतान पांच से नौ माह तक लगातार नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि जिला पदाधिकारी के आदेश के बावजूद कर्मियों के खाता में वेतन आने में लगभग महीनों लगा दी जाती है;

(ग) क्या यह सही है कि अल्प वेतन भोगी कर्मियों को ससमय वेतन नहीं मिलने के कारण भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है;

(घ) क्या यह सही है कि ससमय वेतन के लिए बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के द्वारा पूरे एक साल का आवंटन एक बार में करना चाहती है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आर.टी.पी.एस. कर्मियों को यथाशीघ्र बकाये वेतन का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जीर्णोद्धार कब तक

*59 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि लखीसराय नगर स्थित वार्ड नं.- 30 को नगर परिषद् द्वारा अनुमोदित महान स्वतंत्रता सेनानी किसान नेता-स्वामी सहजानन्द सरस्वती के नाम पर किया गया है और उनके नाम पर पथ का निर्माण भी किया गया है, जिसकी हालत जर्जर एवं जानलेवा हो जाने के कारण आमजनों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसकी मरम्मती एवं पुनर्निर्माण/जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है?

----

## सहायता राशि कब तक

*60 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **आपदा प्रबंधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला में बाढ़ की तबाही झेलने के बावजूद उनके बैंक खाते में अभी तक सरकारी स्तर पर बाढ़ सहायता राशि का ट्रांसफर नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि अब तक गोपालगंज जिला में बहुत कम ही लोगों को बाढ़ सहायता राशि ट्रांसफर किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों को सहायता राशि देने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## मास्टर प्लान तैयार

*61 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि स्मार्ट सिटी योजना में आये पटना, बिहारशरीफ, भागलपुर, मुजफ्फरपुर आदि शहरों के बाद राज्य में दूसरी श्रेणी में आने वाले शहरों के 20 वर्षों के लिए तैयार हो रहा है मास्टर प्लान;

(ख) क्या यह सही है कि सभी शहरों के विस्तार को सुव्यवस्थित करने के लिए आरा, छपरा, दरभंगा, बेगूसराय, कटिहार, मुंगेर, पूर्णिया, बेतिया, मधुबनी, मोतिहारी, समस्तीपुर मास्टर प्लान बनाने के लिए आदेश दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार का शहरों के विस्तार को सुव्यवस्थित करने के लिए कब तक मास्टर प्लान तैयार करने की योजना है?

----

## तिथि का निर्धारण

*62 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

Will the **सामान्य प्रशासन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि CTET- 2021 एवं उर्दू अनुवादक परीक्षा, जो बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित की गई थी, एक ही तिथि- 31.01.2021 को आयोजित की गई, जिसके कारण बहुत बड़ी संख्या में परीक्षार्थी दोनों में से एक परीक्षा से वंचित हो गये?

(ख) क्या यह सही है कि बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित उर्दू अनुवादक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले मुस्लिम समुदाय के बहुत-से परीक्षार्थियों ने कोई और तिथि परीक्षा के लिए निर्धारित करने का आग्रह बिहार कर्मचारी चयन आयोग एवं बिहार सरकार के उच्चाधिकारियों से किया?

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुस्लिम समुदाय के परीक्षार्थियों को बिहार कर्मचारी चयन आयोग के उर्दू अनुवादक की परीक्षा के लिए एक मौका और देते हुए कोई तिथि निर्धारित रखने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?

----

## दोषियों पर कार्रवाई

*63 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर निगम के अन्तर्गत राजेन्द्र नगर मुहल्ला के रोड नं.- 10ई में आई.जे. टाईप फ्लैट पी.आर.डी.ए. (विघटित) द्वारा आवंटी को आवंटित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि राजेन्द्र नगर के रोड नं.- 10ई में आई.जे. टाईप ब्लॉक- 35, फ्लैट- 261 (सेकेण्ड फ्लोर) वालों ने छत पर अवैध निर्माण किया है, जिससे (फर्स्ट फ्लोर) वालों का छत पर जाना बंद हो गया है, डीड के अनुसार तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा स्पष्ट आदेश है कि इन फ्लैटों में कोई अवैध निर्माण नहीं करना है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवैध निर्माण अविलम्ब हटवाकर अवैध निर्माण कराने वाले दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----